संसद सदस्यों ने राजीव गाँधी को श्रद्धा-सुमन अर्पित किए

नई दिल्ली, 20 अगस्त, 2014: पूर्व प्रधान मंत्री, श्री राजीव गांधी की जयंती के अवसर पर उन्हें श्रद्धा-सुमन अर्पित करने के लिए आज संसद भवन के केन्द्रीय कक्ष में एक समारोह का आयोजन किया गया। श्री गाँधी को श्रद्धा-सुमन अर्पित करने वालों में केन्द्रीय विदेश मंत्री तथा प्रवासी भारतीय कार्य मंत्री, श्रीमती सुषमा स्वराज; केन्द्रीय संसदीय कार्य, शहरी विकास तथा आवास और शहरी गरीबी उपशमन मंत्री, श्री एम वेंकैय्या नायडू; पूर्व प्रधानमंत्री, डॉ. मनमोहन सिंह; पूर्व उप प्रधानमंत्री, श्री लालकृष्ण आडवाणी; संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन की अध्यक्ष, श्रीमती सोनिया गाँधी; अनेक मंत्री; संसद सदस्य; और पूर्व संसद सदस्य शामिल थे।

लोक सभा के महासचिव, श्री पी. के. ग्रोवर और राज्य सभा के महासचिव, श्री शमशेर के. शैरिफ ने भी श्री गाँधी को श्रद्धा-सुमन अर्पित किए । इस कार्यक्रम में भाग लेने वाले विशिष्टजनों को लोक सभा सचिवालय द्वारा हिन्दी और अंग्रेजी में प्रकाशित श्री राजीव गाँधी के जीवनवृत्त वाली पुस्तिका भेंट की गई ।

भारत के तत्कालीन राष्ट्रपति, डॉ. शंकर दयाल शर्मा ने 20 अगस्त, 1993 को संसद भवन के केन्द्रीय कक्ष में श्री राजीव गाँधी के चित्र का अनावरण किया था ।